हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
11 नवंबर 2022, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष, तृतीया, विक्रम संवत 2079, बरेली

PAGE NO : 06 BOTTOM

एसआरएमएस में सीएमई का किया गया आयोजन

बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कालेज में अंतरराष्ट्रीय रेडियोलाजी दिवस पर सीएमई आयोजित की गई। एडवांस इमेजिंग एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट की ओर से आयोजित सीएमई में विभिन्न बीमारियों के इंवेस्टिगेशन में रेडियोलॉजी के बढ़ती भूमिका पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने विभिन्न बीमारियों की जांच के लिए रेडियोडायग्नोसिस को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि बीमारियों का पता लगाने के लिए इसकी जांच के तरीके लगातार बदल रहे हैं। इस मौके पर सीएमई के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा.नीरज प्रजापति, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा.आरपी सिंह, डीन पीजी डा.रोहित शर्मा और अन्य विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।